# निवेश बढ़ाने के लिए सिंगापुर में इन्वेस्ट यूपी का अभियान सफल

लखनऊ। प्रदेश में प्राथमिक क्षेत्रों में वैश्विक निवेश बढ़ाने के लिए इन्वेस्ट यूपी का सिंगापुर में चल रहा संपर्क अभियान सफल रहा है। इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने वहां दो बड़ी संस्थाओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इससे राज्य में तकनीक, सेवाक्षेत्र और पर्यटन से जुड़ी नई निवेश संभावनाएं खुली हैं।

पहली बैठक एक बड़े बहु-कौशल निवेश संस्थान की एशिया इक्विटी प्रमुख हाओ लॉन्ग से हुई। टीम ने उन्हें यूपी में विदेशी निवेश, सेवा केंद्र, तकनीकी सेवाओं और आईटी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूपी में कुशल प्रतिभा, तेजी से विकसित होते शहर, किफायती लागत तथा प्रौद्योगिकी आधारित जिले निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। बैठक में सेवा केंद्र, फिनटेक, डाटा विश्लेषण और अन्य तकनीकी सेवाओं में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

दूसरी बैठक में टीम ने एक प्रमुख परामर्श कंपनी के सीईओ और उत्तर प्रदेश से जुड़े ज्ञानेंद्र कुमार से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में तकनीक आधारित थीम पार्क बनाने में रुचि जताई, जो मनोरंजन, डिजिटल अनुभव और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इन्वेस्ट यूपी ने उन्हें निवेश सहायता, सिंगल विंडो प्रणाली और सरकारी सहयोग की जानकारी भी दी। ब्यूरो

चम्पावत)

दि. 03.12.2025

कराना है कि
ा के सफाई
024-25 की
ों से दिनांक